दिन– शुक्रवार दिनांक– 01 / 11 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – भारत एक राष्ट्र–नागरिक संहिता की ओर बढ रहा है। यह धर्म निरपेक्ष नागरिक संहिता होगी।

02. विधानसभा उपचुनाव में नामांकन पत्र वापसी के बाद चुनाव प्रचार तेज। तरारी, रामगढ़, इमामगंज और बेलागंज उपचुनाव के लिए कुल अड़तीस प्रत्याशी चुनाव मैदान में।

03. उत्तर बिहार के जिलों में आज से धान की सरकारी खरीद शुरू हो रही है।

04. और, प्रदेश में पछुआ हवा के कारण मौसम शुष्क बना हुआ है। अधिकतम तापमान में कमी आने से लोगों को सुबह और शाम में महसूस हो रही है हल्की ठंड।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत एक राष्ट्र–नागरिक संहिता की ओर बढ रहा है। यह धर्म निरपेक्ष नागरिक संहिता होगी। गुजरात के केवड़िया में राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि धर्म निरपेक्ष नागरिक संहिता से भेदभाव समाप्त होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक राष्ट्रीय पहचान–आधार की सफलता हमारे सामने हैं और यह विश्व के लिए भी चर्चा का विषय है। उन्होंने कहा कि पहले भारत में भिन्न–भिन्न कर प्रणालियां थीं लेकिन सरकार ने एक राष्ट्र–एक कर प्रणाली–जीएसटी लागू किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार एक राष्ट्र–एक पावर ग्रिड से बिजली सेक्टर को मजबूती दे रही है और एक राष्ट्र–एक राशन कार्ड के माध्यम से निर्धनों के लिए सुविधाएं एकीकृत की गई हैं। आयुष्मान भारत के रूप में देश के लोगों को एक राष्ट्र–एक स्वास्थ्य बीमा की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। एकता के इन प्रयासों के तहत अब एक राष्ट्र–एक चुनाव के लिए काम किया जा रहा है। इससे लोकतंत्र और मजबूत होगा तथा देश के संसाधनों का अधिकतम लाभ मिल सकेगा। इससे विकसित भारत का स्वप्न साकार करने के लक्ष्य को नई गति मिलेगी।

———————————————————————

विधानसभा उपचुनाव को लेकर चार सीटों पर नामांकन पत्र वापसी का कार्य सम्पन्न होने के बाद चुनाव प्रचार तेज हो गया है। चार विधानसभा क्षेत्र तरारी, रामगढ़, इमामगंज और बेलागंज उपचुनाव के लिए कुल अड़तीस प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। एनडीए और महागठबंधन के नेता अपने–अपने उम्मीदवारों के समर्थन में चुनावी सभाओं को सम्बोधित कर रहे है। बेलागंज विधानसभा क्षेत्र से सबसे अधिक चौदह उम्मीदवार

चुनाव मैदान में हैं। वहीं, तरारी विधानसभा क्षेत्र से दस, इमामगंज से नौ और रामगढ़ से पांच प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। प्रमुख उम्मीदवारों में बेलागंज में जदयू से मनोरमा देवी और राजद से विश्वनाथ कुमार सिंह अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। तरारी से महागठबंधन से भाकपा माले के राजू यादव, भाजपा से विशाल प्रशांत और जन सुराज पार्टी की किरण सिंह समेत कुल दस उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। वहीं, इमामगंज विधानसभा क्षेत्र से हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा की दीपा कुमारी, राजद से रौशन कुमार और जन सुराज से जितेन्द्र पासवान प्रमुख उम्मीदवार हैं। रामगढ़ से राजद के अजित कुमार सिंह, भाजपा के अशोक कुमार सिंह और जन सुराज पार्टी के सुशील कुमार सिंह के बीच मुख्य मुकाबला होने की सम्भावना है। मतदान तेरह नवम्बर को होगा। मतों की गिनती तेईस नवम्बर को की जायेगी

———————————————————————

वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री आर.सी.पी. सिंह ने अपनी नई पार्टी का ऐलान कर दिया है। पटना में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में श्री सिंह ने आप सब की आवाज–आसा नाम से नई पार्टी के गठन की घोषणा की। उन्होंने कहा कि पार्टी का झंडा तीन रंगों का होगा।

———बाईट———

आर.सी.पी. सिंह जदयू में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा चुके हैं। बाद में वे भाजपा में शामिल हो गये थे।

———————————————————————

राज्य में खरीफ विपणन वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस के अंतर्गत आज से धान की सरकारी खरीद शुरू होगी। इस बार पैंतालीस लाख मेट्रिक टन धान की खरीद का लक्ष्य रखा गया है। सहकारिता मंत्री डॉक्टर प्रेम कुमार ने बताया कि उत्तर बिहार के जिलों में आज से अधिप्राप्ति होगी जबकि दक्षिण बिहार के जिलों में पन्द्रह नवम्बर से पैक्स और व्यापार मंडलों के माध्यम से धान की खरीद की जायेगी।

———बाईट———

कृषि विभाग के पोर्टल पर निबंधित रैयत किसानों से अधिकतम दो सौ पचास क्विंटल और गैर रैयत किसानों से अधिकतम एक सौ क्विंटल धान की खरीद की जायेगी। उन्होंने बताया कि धान क्रय करने के अड़तालीस घंटे के भीतर किसानों के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से भुगतान सुनिश्चित किया जायेगा। सहकारिता मंत्री ने बताया कि विभाग इस बार धान बेचने वाले किसानों को बोनस देने पर विचार कर रहा है।

———————————————————————

पश्चिम चम्पारण जिले में पर्यावरण को स्वच्छ और सुरक्षित रखने के लिए लोगों ने पेड़ों के साथ दीपावली मनायी । बगहा में इस अवसर पर पांच हजार एक सौ दीप जलाये गये तथा उन्हें बचाने का संकल्प लिया गया। हमारे संवाददाता ने बताया कि पिछले कई वर्षों से स्थानीय लोग गजेन्द्र यादव के नेतृत्व में पर्यावरण को बचाने के लिए पौधा रोपण कर रहे हैं। इस बार दीपावली पर्व पर लोगों ने पौधों को बचाने का संकल्प लिया। वाल्मीकि टाईगर रिजर्व के निदेशक डॉक्टर नेशा मणी ने इस प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के दौरान पेड़ों को बचाना आवश्यक है।

---बाईट---

पर्यावरण मित्र गजेन्द्र यादव ने बताया कि जिले के विभिन्न नदी और नहरों के तटबन्धों के साथ सड़कों के किनारे सार्वजनिक स्थलों पर लाखों पौधे लगाये गये हैं।

---बाईट---

---

राज्य में सांस्कृतिक कॉरिडोर बनाया जायेगा। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने लखीसराय जिले में आगामी युवा उत्सव की तैयारियों की समीक्षा बैठक के दौरान यह बात कही। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कॉरिडोर में गया, बोधगया, नालंदा, राजगीर, लखीसराय, नवादा, मुंगेर भागलपुर जिले शामिल होंगे। जिससे की क्षेत्र की पहचान और प्रतिष्ठा अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुँचेगी। इससे क्षेत्र का विकास भी होगा। लोगो के लिये रोजगार का सृजन होगा।

---

सुपौल जिले के भीमनगर में एस. एस. बी. और नेपाल के सुरक्षा प्रहरी ए. पी. एफ. नेपाल के अधिकारियों के बीच एक समन्वय बैठक हुई। जानकारी देते हुए 45वीं बटालियन के कार्यवाहक कमांडेंट जगदीश कुमार शर्मा ने बताया कि एस. एस. बी. और ए. पी. एफ. नेपाल, भारत–नेपाल सीमा पर रक्षा की पहली पंक्ति है। बैठक के दौरान सीमा पर हो रहे नशीले पदार्थ की तस्करी, तृतीय देश के नागरिकों के आवागमन, मानव तस्करी, शराब की तस्करी ,सीमा पर अतिक्रमण, त्योहार के सीजन में सीमा पर नागरिकों के आवागमन के मद्देनजर बेहतर प्रबंधन एवं सुविधा जैसे बिन्दुओं के साथ–साथ अन्य विषयों पर भी चर्चा की गई।

---

प्रदेश में पछुआ हवा के कारण मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार अधिकतम तापमान में कमी आने से लोगों को सुबह और शाम में हल्की ठंड महसूस होने लगी है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक के अनुसार दिन में धूप

निकलने के कारण मौसम सामान्य रहेगा। इधर, चिकित्सकों ने कहा है कि इस मौसम में वायरल बुखार और संक्रमण का प्रभाव बढ़ जाता है, जिससे लोगों को बचना चाहिए। वायु हल्की होने के कारण फेफड़ों को प्रभावित करती है। इससे ज्यादा प्रभावित बच्चे और बुजुर्ग होते हैं।

———————————————————————————

दिवाली से राज्य में वायु प्रदूषण की स्थिति गंभीर हो गई है। राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकांश शहरों में वायु प्रदूषण में बढ़ोतरी हुई है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा वायु गुणवत्ता सूचकांक के आकलन के अनुसार हाजीपुर शहर की वायु गुणवत्ता भी खराब श्रेणी में दर्ज की गयी है। यहां वायु गुणवत्ता सूचकांक दो सौ पचास रहा। बोर्ड के अनुसार पूर्णिया में दो सौ तिरेपन, बक्सर में एक सौ इक्यावन, बेगूसराय में एक सौ उनतालीस, भागलपुर में एक्यूआई एक सौ दो दर्ज किया गया। बोर्ड का कहना है कि कणीय तत्व और सल्फर डाई आक्साईड जैसे प्रदूषकों की मात्रा बढ़ने के कारण वायु गुणवत्ता की स्थिति अत्यंत खराब हुई है।

———————————————————————————

राज्य में जिला खनन कार्यालयों ने पच्चासी स्थानों पर अवैध खनन, परिवहन और भंडारण पर कार्रवाई की है। इस दौरान पैंतीस लाख तीस हजार रूपये की राशि जुर्माने के रूप में वसूली गयी। इनमें सबसे अधिक रोहतास जिले के छह स्थानों पर छापेमारी की गई, जबकि जिलों में सबसे अधिक दंड की वसूली भोजपुर जिले में की गई, जहां कुल आठ लाख अट्ठासी हजार रूपये जुर्माने के रूप में वसूले गए। इन मामलों में खनन विभाग ने कुल सात प्राथमिकियां दर्ज करायी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चालीस वाहनों के साथ दो हजार एक सौ अस्सी क्यूबिक फुट बालू जब्त किया गया। सबसे अधिक वाहन गया जिले से जब्त किये गये हैं।

———————————————————————————

समस्तीपुर जिले के ताजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत दरजनिया पुल के पास से पुलिस ने कुख्यात अपराधी मुकुल सहनी को गिरफ्तार कर लिया। अपर पुलिस अधीक्षक संजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि पच्चीस हजार के ईनामी अपराधी मुकुल की बैंक लूट और डकैती के दर्जनों मामलों में पुलिस को तलाश थी।

———————————————————————————

सोनपुर रेल मंडल के मुजफ्फरपुर–समस्तीपुर रेलखंड के नारायणपुर रेलवे स्टेशन पर मालगाड़ी की तीन बोगियां पटरी से उतर गईं। यह हादसा रेल गुमटी नंबर अंठानवे पर हुआ, जहां तेल टैंकरों को खाली करने के बाद यार्ड में प्लेसमेंट के लिए वापस ले

जाया जा रहा था। इसी दौरान अचानक मालगाड़ी की तीन बोगियां पटरी से उतर गईं, जिससे रेल परिचालन ठप हो गया।

———————————————————————

समस्तीपुर जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के पुलिस लाइन केंद्र में महिला सिपाही वंदना कुमारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। अपर पुलिस अधीक्षक संजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि जिले के एससी–एसटी थाना में पदस्थापित महिला सिपाही वंदना कुमारी का शव दुधपुरा स्थित पुलिस केन्द्र के स्नान घर से बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर मृत्यु के कारणों की जांच कर रही है। बाथरूम से मोबाईल फोन बरामद किया गया है।

———————————————————————

अररिया जिले के अलग – अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस ने लगभग चौबीस किलो गांजा, एक देसी पिस्तौल, एक कारतूस, एक कार, पांच मोटरसाइकिल, मोबाइल और कई अन्य अपतिजानक  सामान के साथ सत्रह आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

बेगूसराय जिले के फुलवरिया थाना क्षेत्र में दसवीं के एक छात्र की मौत करंट लगने से हो गयी।

———————————————————————

गोपालगंज जिले के नगर थाना क्षेत्र स्थित एक होटल के पास से पुलिस ने जुआ खेलने के आरोप में आठ लोगों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार............

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – भारत एक राष्ट्र–नागरिक संहिता की ओर बढ रहा है। यह धर्म निरपेक्ष नागरिक संहिता होगी।

02. विधानसभा उपचुनाव में नामांकन पत्र वापसी के बाद चुनाव प्रचार तेज। तरारी, रामगढ़, इमामगंज और बेलागंज उपचुनाव के लिए कुल अड़तीस प्रत्याशी चुनाव मैदान में।

03. उत्तर बिहार के जिलों में आज से धान की सरकारी खरीद शुरू हो रही है।

04. और, प्रदेश में पछुआ हवा के कारण मौसम शुष्क बना हुआ है। अधिकतम तापमान में कमी आने से लोगों को सुबह और शाम में महसूस हो रही है हल्की ठंड।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।